हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026

11 अग्निशमन कर्मचारियों के समर्थन में दूसरे दिन भी प्रदर्शन



12 बायोमेट्रिक सिस्टम के विरोध में 3 घंटे लगाया जाम



## खबर संक्षेप

### अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश

**डबवाली।** पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर एक दर्जन मोटरसाइकिल बरामद किए हैं। आरोपियों की पहचान फाजिल्का पंजाब निवासी सिकंदर सिंह व लखविंद्र सिंह के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ हरियाणा, पंजाब व राजस्थान में चोरी के कई मामले दर्ज हैं।

### नशीली गोलियों के सप्लायर को पकड़ा

**फतेहाबाद।** थाना भूना पुलिस ने नशीली गोलियों की तस्करी के मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आकाशदीप पुत्र जग्गा सिंह, निवासी कुनाल के रूप में हुई है। थाना भूना प्रभारी उप-निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि 7 अप्रैल को पुलिस टीम ने कुनाल-नन्हेड़ी रोड पर नाकाबंदी के दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार युवक को काबू किया था।

### अंतरराष्ट्रीय होम्योपैथी दिवस पर शिविर 10 को

**फतेहाबाद।** आयुष विभाग फतेहाबाद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय होम्योपैथिक दिवस के अवसर पर आयुष विंग, सामान्य अस्पताल फतेहाबाद में निःशुल्क होम्योपैथिक शिविर लगाया जाएगा। शिविर 10 अप्रैल दिन शुक्रवार को 10 बजे से 2 बजे के बीच आयोजित किया जाएगा। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.जितेंद्र चौधरी शिरकत करेंगे।

### हरियाणा सिविल पेंशनर्स की मासिक बैठक 11 को

**फतेहाबाद।** हरियाणा सिविल पैंशनर्ज वैलफेयर एसोसिएशन फतेहाबाद की मासिक बैठक प्रधान हरबंस लाल सेठी की अध्यक्षता में 11 अप्रैल शनिवार को सायं 4:30 बजे बाल भवन फतेहाबाद में होगी। यह जानकारी देते हुए प्रधान हरबंस लाल सेठी व सचिव मदन गोपाल नारंग ने बताया कि इस बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं बारे जानकारी ली जाएगी।

### साइबर ठगी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** बीमा कंपनी का प्रतिनिधि बनकर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर क्राइम थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक कुल तीन आरोपियों को काबू किया जा चुका है। थाना साइबर क्राइम प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान दीपक निवासी सुभाष नगर, हांसी के रूप में हुई है, जो वर्तमान में दिल्ली के नवादा मेट्रो स्टेशन के पास रह रहा था। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की।

## फतेहाबाद रतिया और भट्टू में सरकारी खरीद प्रक्रिया शुरू

# मौसम की मार के बीच मंडियों में पहुंचा गेहूं, आवक ने तोड़े रिकॉर्ड

*गुरुवार तक जिले की सभी 7 मंडियों व 44 खरीद केन्द्रों पर 6 लाख 31 हजार 864 क्विंटल गेहूं हुई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

खराब मौसम के बावजूद भूना व टोहाना की मंडियों में गेहूं की रिकार्ड आवक हो रही है। इस समय भूना की अनाज मण्डी में 2 लाख 4 हजार 260 क्विंटल से ऊपर गेहूं की आवक हो चुकी है जबकि टोहाना में 1 लाख 41 हजार 151 क्विंटल गेहूं मण्डी में आ चुकी है। बता दें कि यह दोनों ऐसी मंडियां है जहां पर गेहूं की अगेती बिजाई होती है और यहां पर फसल भी पहले आती है। बड़ी बात यह है कि गेहूं के सबसे ज्यादा रकबे वाला क्षेत्रफल फतेहाबाद में केवल 65 हजार क्विंटल ही गेहूं आई है। यहां खराब मौसम के कारण 90 फीसदी कटाई का काम भी शुरू नहीं हुआ है। इस बीच फतेहाबाद व रतिया की मंडियों में वीरवार से गेहूं खरीद का शुभारंभ हो गया है। फतेहाबाद में पूर्व विधायक दुड़ाराम ने तो रतिया में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने गेहूं खरीद का विधिवत शुभारंभ किया। टोहाना में पहले ही गेहूं खरीद शुरू हो चुकी है। हालांकि कुछ अगेती किस्म की गेहूं मंडियों में आनी शुरू हो गई है। वीरवार तक जिले की सभी 7 मंडियों व 44 खरीद केन्द्रों पर 6 लाख 31 हजार 864 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। इसके लिए 9236 किसानों के गेट पास कट चुके हैं। वीरवार को फतेहाबाद में पूर्व विधायक दुड़ाराम ने सिरसा रोड स्थित नई अनाज मंडी से और रतिया में जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने गेहूं खरीद का शुभारंभ किया।



**फतेहाबाद।** गेहूं खरीद का शुभारंभ करते पूर्व विधायक दुड़ाराम।



**रतिया।** गेहूं खरीद का शुभारंभ करते बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा।

### गेहूं की आवक (क्विंटल में)

| मण्डी | गेट पास | गेहूं की आवक |
|---|---|---|
| फतेहाबाद | 1011 | 65392 |
| भट्टू | 1477 | 81629 |
| भूना | 2794 | 204260 |
| रतिया | 987 | 67386 |
| टोहाना | 1974 | 141151 |
| जाखल | 230 | 16230 |
| धारसूल | 763 | 55816 |
| कुल | 9236 | 631864 |

### भट्टू में भी गेहूं खरीद शुरू

**भट्टूकलां।** पूर्व विधायक दुड़ाराम ने भट्टू अनाज मण्डी में गेहूं खरीद का काम शुरू करवाते हुए कहा कि अनाज मंडी से गेहूं उठान समय पर होने से किसानों को गेहूं डालने के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध होगी। अनाज मंडी में किसानों को अनाज मंडी में गेहूं लाने में कोई दिक्कत परेशानी नहीं होने दी जाएगी। मंडियों के सभी गेटों पर गेटपास आसानी से हो रही है।

### सिरसा की मंडियों में 968 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

**सिरसा।** जिला की विभिन्न मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद प्रक्रिया जारी है। हैफेड द्वारा जिला के 129 किसानों की 968 मीट्रिक टन (एमटी) गेहूं की खरीद की जा चुकी है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक हरवीर सिंह ने बताया कि डबवाली मंडी में 30 मीट्रिक टन, ऐलनाबाद मंडी में 204 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई।

### रतिया अनाज मंडी में गेहूं खरीद का शुभारंभ

**रतिया।** अनाज मंडी में गेहूं खरीद सीजन का विधिवत शुभारंभ आज भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा द्वारा किया गया। खरीद प्रक्रिया की शुरुआत अनाज मंडी की 211 नंबर दुकान, प्रधान दर्शन गर्ग के प्रतिष्ठान से की गई। आज की गेहूं खरीद वेयरहाउस एजेंसी द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल पर शुरू की गई। खरीद शुरू होने पर व्यापारियों ने प्रधान दर्शन गर्ग के कार्यालय में मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया।

## एसआईटी ने सौंपी रिपोर्ट, सात दिन में रिकवरी के नोटिस

# लाखों रुपये की गड़बड़ी में बैंक के कर्मचारियों की मिलीभगत

- महाप्रबंधक बोले, पैसा जमा नहीं करवाया तो होगी एफआईआर

**सिरसा।** जिले के खंड बडागुढ़ा स्थित दी केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा में उपभोक्ता के खाते से लाखों रुपये की ठगी के मामले में अब बड़ा खुलासा हुआ है। एसआईटी ने अपनी जांच पूरी कर रिपोर्ट महाप्रबंधक को सौंप दी है, जिसके बाद बैंक प्रशासन ने आरोपियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए रिकवरी नोटिस जारी कर दिए हैं। महाप्रबंधक ने स्पष्ट किया है कि एक सप्ताह के भीतर राशि की रिकवरी नहीं होने पर संबंधित आरोपियों के खिलाफ थाना में शिकायत देकर मुकदमा दर्ज करवाया जाएगा। इस मामले में एसआईटी को 15 दिन में जांच पूरी करनी थी, लेकिन रिपोर्ट तैयार करने में करीब 40 दिन लग गए। जांच के दौरान सबसे अहम तथ्य यह सामने आया कि मुख्य आरोपी कैशियर सुभाष चाहर एक बार भी जांच में शामिल नहीं हुआ। उसे कई बार नोटिस भेजे गए, लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया और फिलहाल फरार बताया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार एसआईटी जांच में करीब 18 से 20 लाख रुपये के गबन का मामला सामने आया है। जांच में कैशियर सुभाष चाहर के साथ शाखा प्रबंधक इंद्रपाल, पूर्व शाखा प्रबंधक ओमप्रकाश चाहर और कैशियर धर्मपाल को भी दोषी ठहराया गया है।

### गोपनीय आईडी का दुरुपयोग किया

जांच में खुलासा हुआ कि गबन के लिए विभिन्न अधिकारियों की गोपनीय आईडी का दुरुपयोग किया गया। नियमों के अनुसार लेनदेन प्रक्रिया में क्लर्क, शाखा प्रबंधक और कैशियर की अलग-अलग आईडी से वाउचर पास होता है, लेकिन आरोपियों ने अपनी आईडी साझा कर दी, जिससे कैशियर को गड़बड़ी करने का मौका मिला। एसआईटी के अनुसार शाखा प्रबंधक इंद्रपाल, ओमप्रकाश और बलवंत ने अपनी-अपनी आईडी कैशियर के साथ साझा की थी।

### मुख्य आरोपी फरार

एसआईटी इंचार्ज अभय जिंदल ने बताया कि जांच रिपोर्ट महाप्रबंधक को सौंप दी गई है। कर्मचारियों की छुट्टियों व अन्य कारणों से जांच में समय लगा। वहीं, महाप्रबंधक ऋषिपाल ने बताया कि सभी आरोपियों को रिकवरी नोटिस जारी कर दिए गए हैं। एक सप्ताह में राशि वापस नहीं करने पर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। मुख्य आरोपी कैशियर फिलहाल फरार है।

## शॉर्ट सर्किट से गेहूं की फसल में लगी आग दमकल की तत्परता से टला बड़ा नुकसान

- बलवीर सिंह की पांच मरले फसल जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना



शॉर्ट सर्किट से जली हुई गेहूं फसल

रतिया रोड पर वीरवार सायं बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण गेहूं की खड़ी फसल में अचानक आग लग गई। आग लगते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के किसानों ने तुरंत आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। साथ ही दमकल विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम फायरमैन रमेश कुमार के नेतृत्व में मौके पर पहुंची और तेजी से कार्रवाई करते हुए आग पर नियंत्रण पाया। टीम ने समय रहते आग को फैलने से रोक दिया, जिससे आसपास की अन्य फसलें सुरक्षित बच गईं। हालांकि इस दौरान किसान बलवीर सिंह की करीब पांच मरले गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। इसके बावजूद दमकल विभाग की मुस्तैदी के चलते बड़ा नुकसान होने से टल गया। किसानों ने बताया कि यदि समय पर आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आग तेजी से फैल सकती थी और आसपास की कई एकड़ फसल इसकी चपेट में आ जाती। ऐसे में किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता। दमकल टीम की त्वरित कार्रवाई और सूझबूझ के चलते स्थिति को समय रहते नियंत्रित कर लिया गया।

### सीजेएम ने किया सेफ हाउस का निरीक्षण

**फतेहाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं प्राधिकरण की सचिव डॉ. गायत्री ने सेफ हाउस का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सेफ हाउस में रह रहे प्रेमी जोड़ों से उनको वहां पर दी जाने वाली सुविधाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीजेएम डॉ. गायत्री ने बताया कि मौजूदा समय में सेफ हाउस में पांच जोड़ा सुरक्षा लिए हुए हैं व उनके रहने के लिए उपयुक्त कमरे उपलब्ध है। सीजेएम ने निरीक्षण के दौरान पाया कि सुरक्षा के लिहाज से सेफ हाउस पूरी तरह से सुरक्षित है।

## फतेहाबाद में 19 वर्षीय युवक का फंदे से लटका मिला शव, पुलिस मामले की कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



जिले के भूना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव भट्टू में एक 19 वर्षीय युवक द्वारा संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान टिंकू के रूप में हुई है, जो अविवाहित था। युवक की मौत के बाद गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है, वहीं मौत के कारणों को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव भट्टू निवासी कृष्ण कुमार भूना के एक निजी स्कूल में वैन चालक के रूप में कार्यरत हैं। उनके तीन पुत्रों में टिंकू सबसे छोटा था। बताया जा रहा है कि बुधवार की रात टिंकू ने अपने घर के कमरे में फंदा लगा लिया। आनन-फानन में परिजनों ने उसे नीचे उतारा और मामले की सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही भूना थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। हालांकि, युवक की मौत को लेकर गांव में अलग-अलग चर्चाएं हो रही हैं।

### पूछताछ जारी

भूना थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि प्राथमिक जांच में युवक द्वारा घर के अंदर ही फंदा लगाने की बात सामने आई है। परिजनों ने पुलिस के पहुंचने से पहले ही उसे नीचे उतार लिया था। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की हर पहलू से गंभीरता से जांच कर रही है। आसपास के लोगों और परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि का पता लगाया जा सके। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि मौत के असली कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा।

## सीवरयुक्त पेयजल सप्लाई पर बिफरे वार्ड-19 के लोग



**सिरसा।** सीवरयुक्त पेयजल सप्लाई से परेशान लोग दूषित पानी दिखाते हुए।

**सिरसा।** वार्ड नंबर 19 के मोहल्ला धोबियां के कुछ घरों में पिछले दस दिनों से सीवर युक्त पानी की आपूर्ति हो रही है। मोहल्लावासियों सुमन मित्तल, बलविंदर, संजय, सचिन, सौरभ, अंजू, दिव्या, साहिल व अन्य ने बताया कि अनेकों बार सबन्धित अधिकारियों व नगर पार्षद प्रतिनिधि को बार बार अवगत कराने के बावजूद समस्या का हल नहीं हुआ है, इससे मोहल्ले में त्वचा व पेट संबंधी बीमारियां फैलने का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि शीघ्रअतिशीघ्र साफ पानी की आपूर्ति सुनिश्चत की जाए अन्यथा वे अनशन करने पर विवश होंगे। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी यह समस्या कई बार आ चुकी है पर कोई स्थायी हल नहीं निकाला गया जिससे मोहल्ले वासी दुर्गंध युक्त पानी का उपयोग करने के लिए मजबूर हैं।

## गरीब घर की बेटी ने रचा इतिहास, किरण घोटड़ बनीं केंद्र सरकार में एएसओ

- अपाहिज दर्जी पिता की बेटी ने मेहनत से बदली किस्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां



**भट्टूकलां।** रामसरा में किरण को उसकी उपलब्धि पर बधाई देते ग्रामीण।

गांव रामसरा की मेहनती और संघर्षशील बेटी किरण ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन के दम पर न केवल अपने गांव बल्कि पूरे जिला फतेहाबाद का नाम रोशन किया है। किरण का चयन केंद्र सरकार में सहायक सेक्शन अधिकारी के पद पर हुआ है, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। दीवान सिंह घोटड़ की पुत्री किरण ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पहली कक्षा से लेकर बारहवीं तक गांव के सरकारी स्कूल में ही प्राप्त की। उन्होंने यह साबित कर दिया कि सरकारी स्कूलों में पढने वाले विद्यार्थी भी ऊंचे पदों तक पहुंच सकते हैं। शैक्षणिक उपलब्धियों की बात करें तो किरण ने दसवीं कक्षा में 98.6 प्रतिशत और वर्ष 2021 में बारहवीं कक्षा में 99 प्रतिशत अंक हासिल कर पहले ही अपनी प्रतिभा का परिचय दे दिया था। इसके बाद उन्होंने वर्ष 2024 में जेएनयू, दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण की और वर्तमान में एमए की पढ़ाई जारी रखे हुए हैं। किरण का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। उनके पिता दीवान सिंह एक अपाहिज दर्जी हैं, जो मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद किरण ने कभी हार नहीं मानी और अपने लक्ष्य की ओर लगातार आगे बढ़ती रही।

## आवारा पशु बना काल

# जोहड़ में बाइक गिरने से 30 वर्षीय युवक की मौत

**फतेहाबाद।** जिले में आवारा पशुओं का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला जांडली खुर्द और जांडली कलां के बीच सिरसा-चंडीगढ़ स्टेट हाईवे का है, जहां एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। आवारा पशु से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर बाइक जोहड़ में जा गिरी, जिससे 30 वर्षीय युवक सोनू की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, गांव जांडली खुर्द निवासी 30 वर्षीय सोनू बुधवार रात को अपने एक दोस्त को छोड़ने गया था। जब वह अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर वापस अपने गांव लौट रहा था, तभी अचानक सड़क पर एक आवारा पशु आ गया। अंधेरा होने के कारण सोनू बाइक पर नियंत्रण नहीं रख सका और पशु से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक उछलकर सीधे सड़क किनारे स्थित गहरे जोहड़ (तालाब) में जा गिरी। पानी गहरा होने और चोट लगने के कारण सोनू खुद को संभाल नहीं पाया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सोनू की मौत की खबर मिलते ही गांव जांडली खुर्द में मातम छा गया। मृतक सोनू पेशे से दिहाड़ी मजदूरी करता था।

## राहत : भिरड़ाना-एमपी रोही से हिसार तक नई बस सेवा शुरू




**फतेहाबाद।** गांव भिरड़ाना से बस को रवाना करते पूर्व विधायक दुड़ाराम।

**फतेहाबाद।** हरियाणा रोडवेज द्वारा वीरवार को क्षेत्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा की शुरुआत की गई। फतेहाबाद के पूर्व विधायक दुड़ाराम ने भिरड़ाना-एमपी रोही गांव से हिसार तक नई बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर रोडवेज क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। पूर्व विधायक दुड़ाराम ने कहा कि इस नई बस सेवा से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। इससे विद्यार्थियों, कर्मचारियों व आम नागरिकों को शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी। उन्होंने कहा कि यह पहल क्षेत्र के विकास और कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। दुड़ाराम ने कहा कि सीएम के नेतृत्व में हरियाणा सरकार प्रदेश के सभी वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## एसपी ने किया पुलिस लाइन फतेहाबाद में औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं में लापरवाही पर सख्त निर्देश

# पुलिस लाइन में लापरवाही और अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं : खट्टर

*शस्त्रागार, एमटीओ शाखा और अन्य इकाइयों का किया गहन अवलोकन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला पुलिस की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, अनुशासित एवं जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से जिले की नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने पुलिस लाइन फतेहाबाद का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के सख्त निर्देश जारी किए।



**फतेहाबाद।** पुलिस लाइन का निरीक्षण करते एसपी निकिता खट्टर।

पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान शस्त्रागार, एमटीओ शाखा, पुलिस कैंटीन, ई-लाइब्रेरी, भोजनालय, जिला मालखाना, प्रशासनिक ब्लॉक तथा पुलिस लाइन के रिहायशी परिसर सहित विभिन्न इकाइयों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पुलिस विभाग में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अव्यवस्था अथवा ढिलाई कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### अधिकारियों को दिए निर्देश

शस्त्रागार निरीक्षण के दौरान एसपी निकिता खट्टर ने हथियारों की सुरक्षा, रखरखाव एवं रिकॉर्ड संधारण की विस्तृत समीक्षा की तथा निर्देश दिए कि सभी हथियार निर्धारित मानकों के अनुरूप सुरक्षित रखे जाएं और रिकॉर्ड पूरी तरह अद्यतन रहें। एमटीओ शाखा में सरकारी वाहनों की स्थिति, रखरखाव एवं उपयोगिता की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि सभी वाहनों की नियमित सर्विसिंग सुनिश्चित की जाए तथा प्रत्येक वाहन का रिकॉर्ड पारदर्शी एवं व्यवस्थित रखा जाए, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। पुलिस कैंटीन एवं भोजनालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई, खाद्य गुणवत्ता और उपलब्ध सुविधाओं की गहन जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस कर्मियों को स्वच्छ, पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन समय पर उपलब्ध कराया जाए तथा कैंटीन में दैनिक उपयोग की वस्तुएं उचित दरों पर उपलब्ध रहें।

### किया प्रेरित

ई-लाइब्रेरी में उपलब्ध अध्ययन सामग्री एवं डिजिटल संसाधनों की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों को इसका अधिकतम उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक पुलिसिंग में ज्ञान और तकनीकी दक्षता अत्यंत आवश्यक है, इसलिए प्रत्येक कर्मचारी स्वयं को निरंतर अपडेट रखे। जिला मालखाना एवं प्रशासनिक ब्लॉक में रिकॉर्ड प्रबंधन, लंबित मामलों और दस्तावेजी कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने लंबित कार्यों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। वहीं रिहायशी परिसर में साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति पर भी विशेष ध्यान देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के आदेश दिए।



शैल को स्कूल जाते समय गिलहरी का एक प्यारा-सा बच्चा मिल गया। वह उसे अपने साथ स्कूल ले आया। क्लास के बच्चों ने जब ए, बी, सी और वन, टू, थ्री गाकर सीखा तो गिलहरी के बच्चे ने भी एल्फाबेट और काउंटिंग रट ली। इसके बाद जो हुआ, बहुत ही मजेदार रहा!

# पढ़ने लगा गिलहरी का बच्चा!





गुजराती कहानी
पुष्पा अंताणी

एक गिलहरी थी। वह अपने नन्हे से बच्चे के साथ रहती थी। गिलहरी को सुबह से लेकर शाम तक दौड़ती हुई देखकर बच्चे ने उससे कहा, 'मां, तुम सारा दिन दौड़ती रहती हो, तो क्या तुम थकती नहीं हो?'

मां बोली, 'क्या करूं, बेटा! दौड़ना तो पड़ेगा ही ना! मैं यदि दौड़ूंगी नहीं, आराम से बैठी रहूंगी तो फिर हम खाएंगे क्या?'

बच्चे ने कहा, 'मां, क्या मैं तुम्हारी कुछ मदद करूं?'

गिलहरी ने प्यार से जवाब दिया, 'नहीं, तुम अभी बहुत छोटे हो, पहले तुम बड़े हो जाओ, बाद में मेरी मदद करना। जाओ, अभी तो तुम बाहर जाकर खेलो।'

बच्चा खेलने के लिए बाहर दौड़ गया। वहां स्कूल जा रहे नन्हे-मुन्ने शैल की नजर एक पेड़ के तने के पास खेल रहे इस गिलहरी के बच्चे पर पड़ी। उसे वह बच्चा बहुत पसंद आ गया। वह चुपके-चुपके, लुकते-छिपते उसके पास आया ताकि गिलहरी के बच्चे को पता नहीं चले, फिर उसे पकड़ लिया। बच्चा भी बहादुर था, पर शैल ने उसे अचानक ही पकड़ा था, वह कांपने लगा। बच्चे को कांपता देखकर शैल समझ गया कि वह डर गया है। इसलिए वह बच्चे को प्यार से अपने हाथों से सहलाते हुए बोला, 'तुम मुझसे बिल्कुल डरना मत। मैं तुम्हें जरा भी परेशान नहीं करूंगा। मैं तो तुम्हारा दोस्त हूं।'

गिलहरी के बच्चे ने कहा, 'क्या तुम मेरे साथ खेलोगे?' 'हां, मैं तुम्हारे साथ जरूर खेलूंगा, पर अभी तो मैं स्कूल जा रहा हूं। तुम मेरे साथ चलोगे?' शैल ने पूछा।

गिलहरी का बच्चा शैल के साथ स्कूल जाने के लिए तैयार हो गया। शैल ने तुरंत उस बच्चे को बस्ते के अगले वाले खाने में रख दिया, उसके बाद वह स्कूल आ गया। उसका कोई दोस्त बच्चे को देखे, उससे पहले गिलहरी के बच्चे को क्लास की खिड़की के पास बैठाकर कहा, 'तुम यहीं बैठे रहना, आराम से सब कुछ देखते रहना।'

कुछ देर बाद टीचर आए। सभी बच्चों को गा-गा कर पढ़ाने लगे, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फिर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।' बच्चे भी उसी प्रकार ऊंची आवाज में बोलने लगे। कुछ देर बाद दूसरे टीचर आए। बच्चों को वह 'वन, टू, थ्री, फोर, फाइव' पढ़ाने लगे। बच्चे भी उसी तर्ज पर ऊंची आवाज में गाकर बोलने लगे। गिलहरी का बच्चा यह सब देख रहा था और सुन रहा था। वह भी अपने होंठ फड़फड़ा कर कुछ बोल रहा था। कुछ देर बाद इंटरवल हुआ। सभी बच्चे लंच करने लगे। कोई देख न ले, इसलिए शैल छिपता हुआ खिड़की के पास पहुंचा। उसने देखा कि गिलहरी का बच्चा बहुत खुश था। उस बच्चे को शैल ने अपने टिफिन में से कुछ खिलाया और खुद भी खाना खाया। बच्चे को बड़ा मजा आया। वह कूदने-फुदकने लगा। इससे शैल के सभी मित्रों को पता चल गया कि उनकी क्लास में गिलहरी का बच्चा आया हुआ है। सारे इकट्ठा हो गए, गिलहरी के बच्चे को खिलाने लगे। शैल ने अपने दोस्तों से कहा, 'कोई उसे तंग नहीं करना।' क्लास के सभी बच्चे मिलकर खूब खेले, मजे किए। बाद में पढ़ने के लिए बैठ गए। गिलहरी का बच्चा भी पुनः खिड़की के पास बैठ गया।

स्कूल में छुट्टी होने पर सब अपने-अपने घर जाने लगे। रास्ते में उस पेड़ के पास पहुंचने पर शैल ने गिलहरी के बच्चे से कहा, 'क्या तुम मेरे घर चलोगे?'

बच्चा बोला, 'मेरी मां, मेरा रास्ता देख रही होगी। मैं अभी तो जाऊंगा, शाम को खेलने के लिए आऊंगा।'

शैल ने कहा, 'मैं इसी जगह तुम्हारा इंतजार करूंगा।'

बच्चा तो दौड़ता हुआ अपनी मां के पास चला गया। मां ने उसे देखते ही पूछा, 'कहां था तू इतनी देर से? मुझे तेरी बहुत चिंता हो रही थी। क्या कर रहा था तू?' बच्चा मां को जवाब देने के बजाय ऊंची-ऊंची आवाज में गाने लगा, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।'

मां तो अपनी आंखें फाड़े अपने बच्चे को देखती ही रह गई। वह बोली, 'तुम यह क्या बोल रहे हो? मेरी समझ में कुछ नहीं आ रहा है।'

बच्चा तो फिर आगे गाने लगा, 'वनटू.थ्री.फोर फाइव., सिक्स., सेवन., ऐट., नाइन., टेन.!' यह सुनकर गिलहरी घबरा गई। उसने सोचा कि उसके बच्चे को किसी ने कुछ कर दिया है या फिर वह पगला गया है। मां बच्चे को बगल वाले पेड़ पर रह रहे कौए के पास लेकर गई, उससे बोली, 'कौआ भाई! देखो तो मेरे बच्चे को कुछ हो गया है। मैं उसे जो कहती हूं, वह उसकी समझ में नहीं आ रहा। वह ना जाने क्या बोल रहा है, मेरी समझ में नहीं आ रहा है! आप जरा देखिए तो, कुछ आपकी समझ में आ रहा है?'

कौए ने बच्चे से कहा, 'क्यों क्या हुआ है तुम्हें?'

बच्चा तुरंत गाने लगा, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।' थोड़ी सांस लेकर फिर बोलने लगा,'वनटू थ्री फोर फाइव सिक्स सेवन ऐट नाइन टेन।'

कौआ चौंका, 'अरे बाप रे! इसे तो कुछ हो गया है। पास में ही रह रहे बंदर वैद्य को दिखाओ, तब पता चलेगा इसे क्या हुआ है?' गिलहरी तुरंत बच्चे को लेकर बंदर वैद्य के पास गई। उससे बोली, 'बंदर वैद्य जी, देखिए तो मेरे बच्चे को क्या हो गया है? उसे जल्दी-जल्दी अच्छा कर दीजिए!' बंदर वैद्य ने बच्चे को जांचा। वह तो चुस्त-दुरुस्त ही था। उसने बच्चे से पूछा, 'तुम्हें क्या हुआ है?'

बच्चा तुरंत गाने लगा, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।'

यह सुनकर बंदर वैद्य बोला, 'ओ मां! यह तुम क्या बोल रहे हो?'

बच्चा फिर से वही बोलने लगा, 'वन टू थ्री फोर फाइव।' बंदर चिंतित होकर बोला, 'गिलहरी, तुम्हारी बात सही है। तुम्हारे बच्चे को सच में कुछ हो गया है!'

यह सुनकर गिलहरी रोने लगी। घर लौटते हुए रास्ते में जो भी मिलता, उससे अपने बच्चे को ठीक कर देने के लिए विनती करती। ऐसा करते हुए शाम हो गई। शाम हो जाने पर शैल को गिलहरी का बच्चा दिखाई नहीं दिया, तो वह उसे खोजने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में उसे उसके दोस्त भी मिले। सब मिलकर बच्चे को खोजने लगे। बच्चा तो कहीं नजर नहीं आया। तभी गिलहरी के बच्चे की दूर से आ रही आवाज सबने सुनी। वह गा रहा था, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट।' पहले तो किसी की समझ में नहीं आया, लेकिन बाद में शैल की समझ में आ गया कि गिलहरी का बच्चा भी आज स्कूल से ऐसा बोलना सीख कर आया है। सब खुश हो गए और नाचते-कूदते, गाने लगे, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।'

गिलहरी ने उनकी यह आवाज सुनी तो बोली, 'अरे, मेरा बच्चा भी ऐसा ही बोल रहा है!' गिलहरी के बच्चे ने भी शैल और उसके दोस्तों की आवाज सुनी तो वह दौड़कर उनके पास गया।

गिलहरी के बच्चे को देखकर सब खुशी से झूमने लगे और गाने लगे, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, वन टू थ्री फोर फाइव!' गिलहरी का बच्चा भी सबके साथ नाचता जाता और गाता जाता। गिलहरी, कौआ, बंदर और अन्य प्राणी फटी आंखों से यह तमाशा देखते ही रहे। *

**हिंदी अनुवाद : रजनीकांत एस. शाह**







सभी इमेज: एआई

## जीके क्विज-200

1. उत्तर भारत का पहला ग्लास ब्रिज किस स्थान पर बनाया जाएगा?
2. दुनिया की पहली डिजिटल जनगणना किस देश में शुरू की गई है?
3. पानीपत की दूसरी लड़ाई किसके बीच हुई थी?
4. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के वर्तमान अध्यक्ष कौन हैं?
5. प्रसिद्ध प्राचीन ग्रंथ 'मुद्राराक्षस' के रचयिता कौन हैं?
6. अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय कहां स्थित है?
7. कौन-सा ग्रह सबसे कम समय में सूर्य का चक्कर लगाता है?
8. कौन-सा विटामिन आंखों के लिए सर्वाधिक लाभदायक होता है?
9. स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री कौन थे?
10. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है?



**बच्चो, जीके क्विज-200 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-199 का उत्तर:** 1. आरसीबी, 2. छत्तीसगढ़, 3. 18 अप्रैल, 4. देहरादून, 5. सिकंदर लोदी, 6. पंजाब, 7. विटामिन बी और विटामिन सी, 8. वुलर झील, 9. जोधपुर, 10. भारत-पाकिस्तान

**जीके क्विज-199 का सही उत्तर देने वाले:** कबीर-हिसार, अनुभव-राजनांदगांव, सचिन-दुर्ग, रमेश-बैकुंठपुर, कविता-रायपुर, तनिष्क-रोहतक, कोमल-बिलासपुर, रचित-महासमुंद, आकाश-बलौदा बाजार, कनिका-बालोद

## वनस्पति जगत

नयनतारा

बच्चो, जंगलों में बहुत ही विशाल और अनोखे पेड़ पाए जाते हैं। इनमें एक पेड़ है जायंट सिकोइया। इसे 'जंगल का पिता' कहा जाता है। जानो, इस अनोखे पेड़ के बारे में।

# जंगल का पिता कहलाता है विशाल-अनोखा पेड़ जायंट सिकोइया

बच्चो, पेड़ एक तरह से पृथ्वी के फेफड़े होते हैं, क्योंकि वे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं ताकि हम सांस लेकर जिंदा रह सकें। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि पृथ्वी पर 3 ट्रिलियन से अधिक पेड़ हैं। पेड़ों का भी अनोखा आश्चर्यजनक संसार है, दुनिया भर में एक से बढ़कर एक अनोखे पेड़ पाए जाते हैं। एक पेड़ तो ऐसा था, जो करीब 2,000 साल तक जीवित रहा। उस पेड़ का तना इतना बड़ा था कि उसके बीच से होकर बनाए गए रास्ते में से घुड़सवार भी निकल सकते थे। उस पेड़ का नाम-जायंट सिकोइया था। इस प्रजाति के पेड़ आज भी दुनिया में मौजूद हैं।

**इसलिए कहते हैं जंगल का पिता:** जायंट सिकोइया के पेड़ पूरे जंगल की क्षमता और ताकत का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रारंभिक दौर के मूल जायंट सिकोइया के जो अवशेष मिले हैं, उससे पता चलता है कि वह 400 फीट से अधिक ऊंचा रहा होगा, प्राकृतिक संसार पर यह राजा की तरह राज करता होगा। प्रकृति का रियल लीजेंड है जायंट सिकोइया, इसलिए इसे 'जंगल का पिता' कहते हैं।

**अब भी मौजूद हैं इस प्रजाति के पेड़:** बच्चो, सबसे पुराने जायंट सिकोइया के वृक्ष तो अब नष्ट हो चुके हैं। लेकिन इस प्रजाति के वृक्ष आज भी अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में सिएरा नेवादा पर्वत श्रृंखला के ढलानों पर धुंध भरे वातावरण में उगते हैं। ये पेड़ 900 से 2,600 मीटर की ऊंचाई पर स्थित ग्रोव्स (उपवनों), विशेष रूप से सिकोइया नेशनल पार्क, किंग्स कैन्यन नेशनल पार्क और कैलावेरस बिग ट्रीज स्टेट पार्क में पाए जाते हैं।





**आग में भी रहते हैं सुरक्षित:** जायंट सिकोइया पेड़ की छाल लगभग दो फीट मोटी होती है, इनमें कोई ज्वलनशील पदार्थ नहीं पाया जाता है, जिससे ये पेड़ जंगल की आग जैसी आपदाओं में भी बचे रह जाते हैं। कई बार तो जंगल की आग इस पेड़ के लिए फायदेमंद साबित होती है। बच्चो, जायंट सिकोइया के बीज इस पेड़ की शाखाओं पर उगने वाले शंकु (कोन) के अंदर पाए जाते हैं। ये कोन पेड़ पर लगभग 20 साल तक लटके रहते हैं। जंगल की आग की गर्मी में इनके कोन सूख जाते हैं और ओटमील के दाने जैसे छोटे-छोटे बीजों को मिट्टी में छोड़ देते हैं, जिससे जायंट सिकोइया के नए पेड़ पनपते हैं।

**पी जाता है डेली 300 गैलन पानी:** एक पूरा विकसित जायंट सिकोइया का पेड़ दिनभर में लगभग 300 गैलन पानी पी जाता या जमीन से सोख लेता है। यह पेड़ काफी विशाल तो होता है, पर इसकी जड़ें काफी गहराई तक नहीं पहुंच पाती हैं। इसकी जड़ें सिर्फ 6 से 12 फीट गहराई तक ही जा पाती हैं। ऐसे में इस विशाल पेड़ को संतुलित रखने के लिए इसकी जड़ें चौड़ाई में फैल जाती हैं।

**आयु होती है हजारों वर्ष:** जायंट सिकोइया पेड़ की आयु हजारों वर्ष की हो सकती है। यह पेड़ अधिक पुराने होने या किसी पादप-रोग से नहीं नष्ट होते, बल्कि कई बार अपनी विशालता, वजन और असंतुलन की वजह से गिर पड़ते हैं। *

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

## बैसाखी त्योहार अनोखा

बैसाखी त्योहार अनोखा
जोश जगाता है,
बच्चों, बड़ों और बूढ़ों के
मन को भाता है।
बोई हुई फसल खेतों की
पककर कट जाती,
खाली खलिहानों में दानों
की बहार आती,
मजदूरों के श्रम का पूरा
मोल चुकाता है।
नई तरह की मस्ती छाए
पांव थिरक उठते,
घोर निराशाओं के बादल
राहों में लुटते,
जीवन का संगीत सुहाना
खूब सुनाता है।
दिशा-दिशा में मुस्कानों की
एक लहर आए,
अपनेपन की खुशबू से जग
सारा भर जाए,
जो हो गए दूर थे उनको
पास बुलाता है।



## हंसगुल्ले



**अजय:** यार, आजकल मुझे रात को ठीक से नींद नहीं आती। क्या तुम्हें अच्छी नींद आती है?
**विजय:** हां, मैं तो 'घोड़े बेचकर' सोता हूं।
**अजय:** अच्छा! तो तुमने अब तक कितने घोड़े बेच दिए?
**-नैतिक, दिल्ली**

**रोहन:** क्या जुबान के भी पैर होते हैं?
**सोहन:** नहीं।
**रोहन:** फिर मम्मी क्यों कहती हैं कि तेरी जुबान दिन भर चलती रहती है?
**-काव्या, जबलपुर**

**राजू, सोनू और मोनू,** तीनों एक ही साइकिल पर जा रहे थे। एक ट्रैफिक पुलिस वाले अंकल ने उन्हें रोक लिया।
**राजू:** सॉरी अंकल, हमारी साइकिल पर और जगह नहीं है। प्लीज, आप किसी और से लिफ्ट ले लें। **-जतिन, रायपुर**

## रंग भरो-199

**रंग भरो-199** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




श्रेया, दुर्ग


डॉली, दुर्ग


आशुतोष, उमरिया


त्रियांश, धमतरी


रुपाली, बिलासपुर


आशना, जांजगीर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

काशवी-रायपुर, माही-महासमुंद, रायशा-बिलासपुर, शैलेश-राजनांदगांव, उमंग-खैरागढ़, रुपाली-बिलासपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, असित-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सुरभि-करनाल, कुसुम-कोरबा

## रंग भरो 200



बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में दो बच्चे झूला झूल रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## चार दोस्तों की रोमांचक कहानी

बच्चो, तुमको सुपरहीरोज की कॉमिक स्टोरीज पढ़ने में बहुत मजा आता होगा। इन हीरोज के पास तो सुपर पॉवर होती हैं। इसलिए वे कठिन से कठिन काम भी आसानी से कर लेते हैं। लेकिन इस नॉवेल 'धमाल चौकड़ी और रावण टेकड़ी का रहस्य' में तुम्हारे जैसे ही चार सामान्य बच्चों की कहानी है, जिनके पास कोई सुपर पावर नहीं है। लेकिन फिर भी चारों दोस्त ध्रुव, किट्टू, एकांश और युग किस बहादुरी, साहस और समझदारी से घने जंगल के बीच स्थित एक पुराने खजाने का पता लगाते हैं, इसे पढ़कर तुम रोमांच से भर उठोगे। कहानी की शुरुआत होती है, जब ध्रुव दिल्ली से अपने मामा के घर रामपुर पहुंचता है। वहां उसकी दोस्ती पड़ोस में रहने वाली नटखट किट्टू और जुड़वा भाई युग और एकांश से होती है। वे साथ में खेलते, मस्ती करते हैं। इसी बीच उन्हें रावण टेकड़ी के प्राचीन खजाने से जुड़े नक्शे के बारे में पता चलता है। फिर चारों कैसे वहां तक पहुंचते हैं, उनके सामने कैसी चुनौतियां आती हैं और वे कैसे उनका सामना करके अपने लक्ष्य को पाते हैं, यह जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। बच्चो, नॉवेल रहस्य-रोमांच से भरा है, पढ़कर तुम्हें मजा आएगा। *




**किताब :** धमाल चौकड़ी और रावण टेकड़ी का रहस्य, **लेखक :** मिथिलेश गुप्ता, **मूल्य :** 249 रुपए, **प्रकाशक :** फ्लाईड्रीम्स पब्लिकेशंस, दिल्ली

## खबर संक्षेप

### नांदेड़ सहिब की यात्रा के लिए पंजीकरण 15 तक

**सिरसा।** मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्री हजूर साहिब नांदेड़, महाराष्ट्र के लिए आगामी 5 मई को कुरुक्षेत्र से विशेष ट्रेन रवाना होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस ट्रेन को झंडी दिखाकर प्रदेश के विभिन्न जिलों से जाने वाली संगत को रवाना करेंगे। योजना अनुसार वरिष्ठ नागरिक, जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है और उनकी पारिवारिक आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है, वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। योजना का लाभ उठाने के लिए सरल हरियाणा पोर्टल पर आगामी 15 अप्रेल तक पंजीकरण किया जा सकता है।

### वरिष्ठ पेंशनर सम्मान समारोह 11 को

**सिरसा।** शहर की बिश्नोई धर्मशाला में 11 अप्रैल को हरियाणा बिजली पैंशनर वेल्फेयर एसोसिएशन का 12वां वरिष्ठ पैंशनर सम्मान समारोह धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। एसोसिएशन के सचिव रणसिंह यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम में 75 वर्ष, 85 वर्ष की आयु पूरी कर चुके वरिष्ठ पैंशनर को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ-साथ कार्यरत कर्मचारी जो पैंशनर की समस्याओं का समाधान तत्परता से करते हैं, जैसे एलटीसी, मेडिकल बिल, फेमिली पैंशन, पैंशन फिक्शेसन, को भी बकायदा सम्मानित किया जाएगा।

### नवोदय विद्यालय में कक्षा छठी के विद्यार्थियों का स्वागत

**ओढां।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय ओढ़ा में गुरूवार को नवप्रवेशित कक्षा 6 के विद्यार्थियों के स्वागत के लिए एक विशेष कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में नए विद्यार्थियों को तिलक लगाकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं तालियों की गडग़ड़ाहट के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ललित कालड़ा ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों का महत्व बताया तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया।

### बाइक चोरी मामले में दो युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** मोटरसाइकिल चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की बाइक भी बरामद की है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र ने बताया कि आरोपियों की पहचान विशाल उर्फ बच्ची पुत्र विक्रम निवासी इन्द्रपुरा मोहल्ला फतेहाबाद तथा सन्नी उर्फ दत्ता पुत्र पवन कुमार निवासी लंग मोहल्ला फतेहाबाद के रूप में हुई है।

### स्लोगन, निबंध स्पर्धा में चारुल व प्रिया अव्वल

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय में वीरवार को पर्यावरण संरक्षण विषय पर निबंध लेखन एवं स्लोगन प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अपने विचार प्रभावशाली निबंधों एवं आकर्षक स्लोगनों के माध्यम से प्रस्तुत किए। स्लोगन प्रतियोगिता में चारुल ने पहला स्थान हासिल किया जबकि वंदना एवं खुशप्रीत कौर ने क्रमशः दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### जमीन खरीद को लेकर जागरूक रहें नागरिक

**सिरसा।** जिला नगर योजनाकार विभाग शहरी क्षेत्रों में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों को लेकर सख्त है। विभाग द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि कई क्षेत्रों में कॉलोनियां बिना वैध लाइसेंस, सीएलयू या एनओसी प्राप्त किए ही विकसित की जा रही हैं, जोकि पूरी तरह से अवैध हैं। जिला नगर योजनाकार कर्मवीर झाझडिय़ा ने बताया कि सिरसा के खाजाखेड़ा (हदबस्त नंबर 83) के अंतर्गत आने वाले खसरा नंबर 73//11, 12, 13, 14/1, 14/2, 15/2 में जमीन की खरीद न करें, जहां इस प्रकार की गतिविधियों की संभावना पाई गई है। उन्होंने अपील की है कि नागरिक अवैध कॉलोनी में जमीन खरीद को लेकर सतर्क रहें।

---

### मांगों का समाधान न होने पर नगरपालिका कर्मचारी संघ ने दी हड़ताल की चेतावनी

# अग्निशमन कर्मचारियों के समर्थन में दूसरे दिन उल्टी झाड़ू लेकर किया प्रदर्शन

## जान गवाने वाले कर्मियों को शहीद का दर्जा देने की मांग

**कच्चे कर्मचारियों को 58 वर्ष तक नौकरी की गारंटी की भी मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हरियाणा अग्निशमन कर्मचारी यूनियन की दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन में नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने आज दूसरे दिन भी सडकों पर उतरकर सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। नगरपालिका कर्मचारी संघ फतेहाबाद इकाई के बैनर तले आयोजित इस प्रदर्शन में कर्मचारियों ने सरकार की नीतियों को तुगलकशाही और सौतेला करार देते हुए शहर के मुख्य बाजारों में नारेबाजी की। प्रदर्शन की अध्यक्षता इकाई प्रधान नरेश राणा ने की और संचालन सचिव ओम प्रकाश लौट द्वारा किया गया। इस दौरान जिला उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि 16 फरवरी की घटना में जान गंवाने वाले दमकल कर्मियों भवी चंद्र शर्मा और रणवीर को शहीद का दर्जा दिया जाए। कर्मचारी नेता नरेश राणा और ओम प्रकाश लौट ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की मौत पर चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने बताया कि सूरजकुंड मेले में झूला दुर्घटना में जान गंवाने वाले पुलिस निरीक्षक को सरकार ने शहीद का दर्जा, एक करोड़ रुपये की सहायता और परिवार को पक्की नौकरी दी लेकिन आग बुझाते हुए शहीद हुए फायर कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। कर्मचारियों की मांग है कि दोनों कर्मचारियों की मौत के बाद पुलिस कर्मचारियों की तर्ज पर मृतकों के आश्रितों को एक-एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को पक्की नौकरी और शहीद का दर्जा दिया जाए। नगरपालिका कर्मचारी संघ के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश तुषामढ़ और जिला प्रधान विजय ढाका ने चेतावनी दी कि वर्तमान में गेहूं का सीजन चल रहा है, जो आगजनी की घटनाओं के लिहाज से पीक आवर्स होता है । यदि सरकार ने जल्द ही हस्तक्षेप कर फायर कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया, तो पूरा नगरपालिका कर्मचारी संघ भी हड़ताल पर जाने को मजबूर होगा।



फतेहाबाद। उलटे झाड़ू लेकर शहर में प्रदर्शन करते कर्मचारी।

प्रदर्शन के दौरान संघ के संस्थापक पूनम चंद रत्ति और पूर्व पार्षद शम्मी रत्ति ने भी अपना समर्थन दिया और कर्मचारियों को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि सरकार अंत्योदय का नारा तो दे रही है, लेकिन अंतिम छोर पर खड़े कर्मचारी आज अपने हक के लिए सडक़ों पर हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने हरियाणा पुलिस की तर्ज पर 5 हजार रुपये मासिक जोखिम भत्ता और 7500 वर्दी भत्ता देने, कच्चे कर्मचारियों को 58 वर्ष तक नौकरी की गारंटी देने, समान कार्य के लिए समान वेतन और वेतन विसंगतियों को दूर करने सहित अनेक मांगों को भी उठाया है।

#### अग्निशमन कर्मचारियों ने दिया धरना

सिरसा। हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन द्वारा दूसरे दिन गुरुवार को भी धरना दिया। इस धरने को नगर पालिका कर्मचारी संघ ने अपना समर्थन दिया। नगरपालिका कर्मचारी संघ के प्रधान सोमपाल ने बताया कि फरीदाबाद में बीती 16 फरवरी को हुई आगजनी की घटना में आग बुझाने के दौरान दमकल कर्मचारी भवीचंद शर्मा तथा रणवीर सिंह की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई थी। मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को उचित मुआवजा व एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने जैसी मांगों को लेकर फायर कर्मचारी हड़ताल पर हैं, लेकिन अभी तक सरकार की ओर से मृतक कर्मचारियों के परिजनों को कोई मदद नहीं दी गई है।

---


फतेहाबाद। समाधान शिविर में समस्याएं सुनते हुए डीसी डा. विवेक भारती।

# डीसी ने समाधान शिविर में सुनीं आमजन की समस्याएं

## शिकायतों का अधिकारी जल्द करें समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी इन शिविरों और सरकारी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समाधान को गंभीरता से लें और प्राथमिकता के आधार पर उनका निपटारा सुनिश्चित करें। यह निर्देश डीसी डॉ. विवेक भारती ने दिए। डीसी वीरवार को लघु सचिवालय में समाधान शिविर में अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार समाधान शिविरों का आयोजन आम लोगों को त्वरित राहत देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम विंडो, जनसंवाद, सीपीग्राम और एसएमजीटी जैसे ऑनलाइन पोर्टलों पर दर्ज लंबित शिकायतों की नियमित समीक्षा की जा रही हैं और उन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर निपटाया जाए। साथ ही शिकायतकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी भी दी जाए, ताकि वे समाधान से संतुष्ट हो सकें।

#### अधिकारियों को निर्देश

डीसी ने कहा कि अधिकारी शिकायतों को केवल फाइल निपटाने की प्रक्रिया के रूप में न देखें, बल्कि सेवा भाव और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ उनका गुणवत्तापूर्ण समाधान करें। उन्होंने कहा कि समस्याओं का ऐसा स्थायी समाधान किया जाए, जिससे नागरिकों को दोबारा उसी समस्या के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। समाधान शिविर में एसपी निकिता खट्टर, एडीसी अनुराग ढालिया, एसडीएम राजेश कुमार, सीटीएम गौरव गुप्ता सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

---

# रोटरी महोत्सव 'टूगेदर वी सेलिब्रेट' आयोजित

## नेतृत्व, मैत्री और सेवा भावना का एक अद्भुत संगम बना महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3090 ने आगरा में तीन दिवसीय भव्य जिला सम्मेलन रोटरी महोत्सव टूगेदर वी सेलिब्रेट का सफल आयोजन किया जिसमें रोटेरियंस ने भरपूर सेलिब्रेट किया। त्रिदिवसीय सम्मेलन की मेजबानी रोटरी क्लब सिरसा चैंपियंस एवं रोटरी क्लब सिरसा डिवाइन द्वारा की गई, जिसमें पूरे डिस्ट्रिक्ट से आए रोटेरियंस की सक्रिय भागीदारी रही। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन भूपेश मेहता के दूरदर्शी एवं प्रेरणादायी नेतृत्व में आयोजित यह महोत्सव नेतृत्व, मैत्री और सेवा भावना का एक अद्भुत संगम बना। सम्मेलन ने उपलब्धियों की समीक्षा, विचारों के आदान-प्रदान और सतत सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करने का कार्य किया। सम्मेलन का शुभारंभ पारंपरिक तिलक एवं स्वागत के साथ हुआ, जिसमें भारतीय संस्कृति की झलक दिखाई दी। उद्घाटन सत्र में सभी उपस्थितजनों को स्वामी दिव्यानंद महाराज का आशीर्वाद प्राप्त हुआ तथा आरआई प्रेसिडेंट्स रिप्रेजेंटेटिव पीडीजी रोटेरियन जयश्री मोहंती सहित अनेक वरिष्ठ रोटरी नेताओं एवं काउंसिल ऑफ गवर्नर्स की गरिमामयी उपस्थिति रही। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन भूपेश मेहता ने अभिनव प्रस्तुति के माध्यम से पूरे वर्ष की उपलब्धियों का प्रभावशाली विवरण प्रस्तुत किया।


सिरसा। कार्यक्रम में भाग लेते अतिथि।

### राष्ट्र निर्माण व सुरक्षा में युवाओं की भूमिका पर संगोष्ठी आयोजित

**फतेहाबाद।** मुख्त्यार सिंह मैमोरियल पी.जी. कॉलेज, बहबलपुर में राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच के सहयोग से 'राष्ट्रीय सुरक्षा में युवाओं की भूमिका' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा के कुलपति डॉ. विजय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में डॉ. विजय कुमार ने कहा कि देश की सुरक्षा केवल सैनिकों के भरोसे नहीं, बल्कि युवाओं की वैचारिक सुदृढ़ता और सतर्कता पर भी निर्भर करती है। उन्होंने युवाओं से सोशल मीडिया के दौर में राष्ट्र की एकता को मजबूत करने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता डॉ. राजेश धमीजा और श्री राजेन्द्र सिंह पंघाल ने साइबर सुरक्षा, आर्थिक चुनौतियों और छात्र जीवन में अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला।

# कम्युनिटी का विस्तार, रमेश सेठी बने मेडिकल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी की बैठक अनाज मंडी स्थित राष्ट्रीय कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन की मजबूती और विस्तार को लेकर विशेष चर्चा की गई और कई नई नियुक्तियां की गईं। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष धर्मपाल चावला और महिला जिला अध्यक्षा डॉ. सुमन बजाज ने संयुक्त रूप से की। राष्ट्रीय अध्यक्ष साहिब दयाल वधवा के दिशा-निर्देशों और प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश चुघ के साथ विचार-विमर्श के बाद जिला फतेहाबाद कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। संगठन को और प्रभावी बनाने के लिए अनुभवी चेहरों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, जिसमें रिटायर्ड पुलिसकर्मी ओम प्रकाश कक्कड़ व टेकचंद सलूजा को जिला सलाहकार बनाया गया वहीं डॉ. रमेश सेठी को मेडिकल प्रकोष्ठ फतेहाबाद विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी गई। इसके अलावा चिराग बांगा को यूथ विंग का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि वे समाज हित और संगठन की मजबूती के लिए पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। इस अवसर पर डॉ. रमेश सेठी और ओम प्रकाश कक्कड़ का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया।


फतेहाबाद। पंजाबी कम्युनिटी के नए पदाधिकारियों को बधाई देते सदस्यगण।

---

# व्हाट्सएप यूजर्स पर घोस्ट पेयरिंग का खतरा

## बिना ओटीपी के हैक हो सकता है आपका अकाउंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

व्हाट्सएप का इस्तेमाल करने वाले करोड़ों यूजर्स के लिए एक नई और गंभीर चेतावनी जारी की गई है। साइबर अपराधी अब बिना किसी पासवर्ड, ओटीपी या सिम स्वैप के ही व्हाट्सएप अकाउंट को हैक कर रहे हैं। इस नई तकनीक को घोस्ट पेयरिंग का नाम दिया गया है, जिसे लेकर फतेहाबाद की पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने आमजन को सतर्क रहने की अपील की है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसी ने इस खतरनाक हैकिंग कैंपेन का खुलासा किया है। इसमें साइबर ठग किसी परिचित व्यक्ति के नाम से व्हाट्सएप पर संदिग्ध लिंक भेजते हैं। इस लिंक के साथ हाय, चैक दिस फोटो या देखो यह फोटो जैसे संदेश लिखे होते हैं ताकि यूजर का भरोसा जीता जा सके। जैसे ही कोई यूजर इस लिंक पर क्लिक करता है, उसके सामने एक फर्जी फेसबुक या मीडिया व्यूअर पेज खुलता है, जो वेरिफिकेशन के नाम पर मोबाइल नंबर मांगता है। जैसे ही यूजर अपना नंबर दर्ज करता है, हैकर्स व्हाट्सएप के 'लिंकड डिवाइस वाय फोन नंबर' फीचर का दुरुपयोग कर उस अकाउंट को अपने डिवाइस से जोड़ लेते हैं। इस प्रक्रिया में यूजर को पता भी नहीं चलता और उसका पूरा कंट्रोल हैकर्स के पास चला जाता है। एक बार अकाउंट का एक्सेस मिलने के बाद अपराधी बैकग्राउंड में छिपकर यूजर के पुराने मैसेज पढ़ सकते हैं, रीयल-टाइम चैट देख सकते हैं और यूजर की पहचान का इस्तेमाल कर उसके दोस्तों या परिजनों को संदिग्ध फोटो, वीडियो या पैसे की मांग वाले मैसेज भेज सकते हैं।


फतेहाबाद। एसपी निकिता खट्टर।

#### अनजान या संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें

एसपी ने कहा कि किसी भी अनजान या संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, चाहे वह किसी परिचित ने ही क्यों न भेजा हो। किसी भी बाहरी वेबसाइट पर अपना मोबाइल नंबर या ओटीपी दर्ज न करें। व्हाट्सएप सेटिंग्स में जाकर लिंकड डिवाइस सेक्शन को नियमित रूप से देखें। यदि कोई अनजान डिवाइस दिखे, तो उसे तुरंत लॉगआउट करें। अपने व्हाट्सएप की सुरक्षा बढ़ाने के लिए टू-स्टेप वेरिफिकेशनफीचर को हमेशा ऑन रखें। एसपी निकिता खट्टर ने कहा कि साइबर अपराधी छोटी सी लापरवाही का फायदा उठाते हैंकिसी भी प्रकार की साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

# टेलीग्राम पर फर्जी अकाउंट बनाकर साइबर ठग लगा रहे चूनाः एसपी

■ शॉर्टकट तरीकों से पैसा कमाने के चक्कर में न पड़े युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा कि एडवाइजरी जारी कर कहा किसाइबर अपराधी रोज नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। खासकर वे लोग जो अपनी नौकरी से असंतुष्ट हैं या जल्दी पैसा कमाने की चाह रखते हैं, आसानी से ठगों का शिकार बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बुजुर्गों के अलावा गृहणियां और युवा वर्ग भी साइबर अपराधियों के निशाने पर हैं। साइबर ठग लोगों को फर्जी लिंक भेजकर लॉटरी खरीदने, सोशल मीडिया साइट पर यूट्यूब वीडियो लाइक करने के बदले ऑनलाइन पैसे कमाने का झांसा देकर बेवकूफ बना रहे है।

#### टेलीग्राम से जोड़कर दिए जाते है फर्जी टास्क

शुरुआत में ठग लोगों को छोटे-छोटे भुगतान कर उनका विश्वास जीत लेते हैं, जिसके बाद उन्हें टेलीग्राम एप से जोड़कर फर्जी टास्क दिए जाते हैं। इन टास्क को पूरा करने पर बड़ी रकम का लालच दिखाया जाता है। जब व्यक्ति उस रकम को निकालने का प्रयास करता है, तो उससे कमीशन या अन्य शुल्क मांगा जाता है और यहीं से ठगी की शुरुआत हो जाती है। कुछ समय बाद ठग अपना टेलीग्राम अकाउंट डिलीट कर फरार हो जाते हैं। इसके अलावा, गूगल पर कस्टमर केयर नंबर सर्च करने के दौरान भी कई लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं। साइबर अपराधी फर्जी नंबर डालकर लोगों को कॉल करने के लिए प्रेरित करते हैं। इसके बाद वे लिंक भेजकर या कोई एप डाउनलोड करवाकर फोन की पूरी जानकारी हासिल कर लेते हैं। ऐसे मामलों में ठगों को ओटीपी की भी आवश्यकता नहीं पड़ती, क्योंकि वे सीधे आपके फोन की स्क्रीन देख सकते हैं और आपके बैंक खाते से पैसे निकाल सकते हैं। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और अपने फोन पर प्राप्त ओटीपी को किसी के साथ साझा न करें। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन शॉपिंग करते समय लेन-देन की अधिकतम सीमा कम रखें।

---

# सीआईए टोहाना ने रतिया क्षेत्र में लाखों की हेरोइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

अपराध अनुसंधान शाखा टोहाना की टीम ने नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए नाकाबंदी के दौरान एक महिला और एक युवक को लाखों की 83.27 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान काला पुत्र गुरमीत सिंह, निवासी बरनाला व बिन्द्र कौर उर्फ बिन्द्रो पत्नी बलबीर सिंह, निवासी नन्हेड़ी, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। सीआईए टोहाना प्रभारी उप-निरीक्षक अशोक ने बताया कि पुलिस टीम गश्त और नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए चिम्मो बस अड्डा के पास मौजूद थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि आरोपी मोटरसाइकिल पर हेरोइन बेचने की फिराक में तेलीवाला रोड टी-पॉइंट पर खड़े हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत चिम्मो हेड के पास नाकाबंदी की। मौके पर पुलिस ने मोटरसाइकिल सहित एक युवक और एक महिला को काबू किया।


फतेहाबाद। भारी मात्रा में हेरोइन सहित पकड़े गए तस्कर।

### कृष्ण जन्मोत्सव व बाल लीलाओं के प्रसंगों से भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

# अहंकार छोड़ने से ही मिलती है सुख व शांति : साध्वी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

गणेश कॉलोनी में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन वीरवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। कथा स्थल पर दोपहर बाद से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा वातावरण भजन-कीर्तन से भक्तिमय बना रहा। वृंदावन से पधारी कथा व्यास साध्वी यमुना दीदी मां ने अपने मधुर वचनों से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव, नंदोत्सव और उनके बाल चरित्रों का विशेष वर्णन किया गया। जैसे ही कृष्ण जन्म का प्रसंग आया, पंडाल 'नंद के आनंद भयो' जैसे भजनों से गूंज उठा और श्रद्धालु झूमने लगे। साध्वी यमुना दीदी मां ने पूतना वध, माखन चोरी और बाल लीलाओं का जीवंत वर्णन करते हुए बताया कि भगवान की ये लीलाएं केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवन को सरल, निष्कपट और प्रेममय बनाने का संदेश देती हैं। उन्होंने वामन अवतार की कथा सुनाते हुए अहंकार त्यागने और भगवान की शरण में जाने का महत्व समझाया।


भूना। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में साध्वी यमुना दीदी मां कथा सुनाते हुए।

#### श्रद्धालुओं ने की विधिवत पूजा-अर्चना

उन्होंने कहा कि जब तक मनुष्य अपने अहंकार को नहीं छोड़ता, तब तक वह सच्चे सुख और शांति की प्राप्ति नहीं कर सकता। कथा के दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर होकर भक्ति में लीन नजर आए। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में मंगतराम कबाडिय़ा और उनकी धर्मपत्नी ने विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर लायंस क्लब के जोन चेयरमैन अशोक कत्याल, जुगल किशोर ढींगड़ा, पूजा कत्याल, पीडी शर्मा, अजय मेहता, वीरेंद्र शर्मा, पूर्व सरपंच सुखदेव सिंह, राजेश जांगड़ा, बलवान गोदारा, सतपाल शर्मा, मुकेश अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण, सुनीति आर्या और विक्की शर्मा सहित अन्य श्रद्धालु शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### भाषण स्पर्धा में ममता दीक्षा को दूसरा स्थान

**सिरसा।** नशे के विरुद्ध जागरुकता के उद्देश्य से चौधरी मनीराम झोरड़ महाविद्यालय ऐलनाबाद में गुरूवार को जिला स्तरीय पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन, वाद विवाद व भाषण प्रतियोगिताएं हुई। भाषण प्रतियोगिता में सीएमके नेशनल महाविद्यालय की एमए फाइनल की छात्रा ममता और बीए प्रथम वर्ष की छात्रा दीक्षा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार स्लोगन लेखन में महाविद्यालय की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा उर्वशी ने दूसरा स्थान पाया। प्राचार्या अंशु उप्पल ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि प्रतियोगिता से विद्यार्थियों का समग्र विकास होता है इसलिए विद्यार्थियों को निरंतर प्रत्येक प्रतियोगिता में भाग लेते रहना चाहिए।

### चोरी की वारदात में संलिप्त आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने राजकीय बहुतनीकी संस्थान सिरसा के पुराने हॉस्टल के भवन से कंडम सामान चोरी की वारदात का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को सिरसा क्षेत्र से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जेजे कॉलनी पुलिस चौकी प्रभारी ने वीरवार को बताया कि बहुतकनीकी संस्थान सिरसा के प्रिंसिपल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की अज्ञात लोग दीवार फांद कर संस्थान में घुस गए और पुराने हॉस्टल की बिल्डिंग में पड़ा कंडम सामान लोहे की चौखाटें व अन्य सामान चोरी कर गए है। चौकी प्रभारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर अज्ञात युवकों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई।

### चार हेरोइन तस्करों को किया गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सिरसा जिले क्षेत्र से चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 13 ग्राम हेरोइन बरामद की है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने गुरुवार को बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान अजय, विकास, सिकंदर व रवि सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम डिंग मंडी की तरफ जा रही थी। इसी दौरान दो युवक पैदल आते दिखाई दिए जो कि पुलिस को देखकर वापस मुड़कर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उन्हें काबू कर लिया और तलाशी ली तो उनके कब्जे से हेरोइन बरामद हुई।

### नन्हेड़ी अनाजमंडी में किसानों का फूटा गुस्सा, लचर व्यवस्था पर जमकर गरजे

# बायोमेट्रिक सिस्टम के विरोध में कुलां रतिया मार्ग पर तीन घंटे लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



जाखल। किसानों द्वारा सडक़ पर ट्रैक्टर खड़े कर लगाया गया जाम।

जिले के कुलां स्थित नन्हेड़ी अनाजमंडी में सरकारी गेहूं खरीद प्रक्रिया की शुरुआत के साथ ही व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। नई बायोमेट्रिक प्रणाली और मंडी में जगह की कमी से नाराज किसानों ने गुरुवार को कुलां-रतिया मुख्य मार्ग पर धरना देकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस जाम के कारण लगभग तीन घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। किसानों का आरोप है कि सरकार द्वारा लागू की गई नई बायोमेट्रिक सत्यापन प्रणाली उनके लिए मुसीबत बन गई है। ्रदर्शनकारी किसानों ने बताया कि बायोमेट्रिक सिस्टम में तकनीकी खराबी के कारण गेट पास नहीं बन पा रहे हैं, जिससे फसल की एंट्री रुक गई है। मंडी में पहले से ही गेहूं के अंबार लगे हैं, जिसके चलते नई फसल उतारने के लिए जगह शेष नहीं बची है। किसानों ने कहा कि सरकार ने तकनीक तो लागू कर दी, लेकिन धरातल पर उसकी तैयारी शून्य है। किसान घंटों अपनी फसल लेकर खड़े हैं, न गेट पास मिल रहा है और न मंडी में जगह। जाम की सूचना मिलते ही धारसूल मार्केट कमेटी के सचिव संदीप कासनियां मौके पर पहुंचे, लेकिन किसान किसी ठोस समाधान से कम पर मानने को तैयार नहीं थे। स्थिति बिगड़ती देख टोहाना के एसडीएम आकाश शर्मा ने मोर्चा संभाला। एसडीएम ने किसानों को बताया कि मंडी में भीड़ कम करने के लिए गेहूं को सीधे राइस मिलों में गिराने की व्यवस्था की गई है। शुक्रवार से किसानों की सुविधा के लिए राइस मिलों पर ही कर्मियों की नियुक्ति की जाएगी, जो वहीं गेट पास जारी करेंगे। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि ऑनलाइन बायोमेट्रिक सिस्टम नया है, इसलिए शुरुआत में धीमी गति की समस्या आ रही है जिसे जल्द दुरुस्त कर लिया जाएगा।

#### एसडीएम के आश्वासन पर धरना समाप्त

एसडीएम के लिखित और मौखिक आश्वासन के बाद किसानों ने अपना धरना समाप्त किया। जाम खुलने से राहगीरों ने राहत की सांस ली, जिन्हें पिछले कई घंटों से गांवों के कच्चे रास्तों से होकर लंबी दूरी तय करनी पड़ रही थी। प्रशासन ने आढ़तियों को भी निर्देश दिए हैं कि वे तय स्थानों पर गेहूं की अनलोडिंग सुनिश्चित करें ताकि मंडी में जाम की स्थिति न बने। विरोध प्रदर्शन के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि शुक्रवार से व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वे फिर से आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

### गेहूं खरीद में आ रही दिक्कतों के खिलाफ किसान 11 को संजय गांधी चौक पर करेंगे चक्का जाम

**रतिया।** संयुक्त किसान मोर्चा ने मंडियों में गेहूं खरीद को लेकर आ रही दिक्कतों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। इसी को लेकर रतिया में बैठक आयोजित की गई, जिसमें 11 अप्रैल को पूरे हरियाणा में चक्का जाम का ऐलान किया गया। इसको लेकर किसान रेस्ट हाउस में संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक में रणनीति बनाई है। बैठक की अध्यक्षता किसान नेताओं निर्भय रतिया, जगतार सिंह, तेजिंदर सिंह, सुखविंदर सिंह और राजेंद्र सिंह चहल ने संयुक्त रूप से की। भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रधान निर्भय सिंह ने बताया कि बैठक में मंडियों में गेहूं बेचने को लेकर किसानों को आ रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। किसानों ने आरोप लगाया कि मंडियों में अव्यवस्था, खरीद प्रक्रिया में देरी और नई शर्तों के कारण उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने ट्रैक्टरों की नंबर प्लेट की फोटो लेने और बायोमेट्रिक अनिवार्य करने जैसे नियमों को किसान विरोधी बताते हुए इन्हें तुरंत वापस लेने की मांग की है। संयुक्त किसान मोर्चा ने इन मांगों को लेकर 11 अप्रैल को पूरे हरियाणा में चार घंटे का चक्का जाम करने का निर्णय लिया है। बैठक में किसान सभा के जिला सचिव राजेंद्र बाटू, भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां के जिला प्रधान निर्भय रतिया, बीकेयू खेती बचाओ के राजेंद्र सिंह चहल, जम्हूरी किसान सभा के प्रदेश प्रवक्ता तेजिंदर सिंह थिंद, अखिल भारतीय किसान महा सभा के प्रदेश महासचिव सुखविंदर सिंह, गगन भुल्लर, अशोक कुमार, कर्मा सिंह सहित अन्य किसान मौजूद थे।



रतिया। संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक में भाग लेते किसान नेता।



### सरकार के खिलाफ आढ़तियों ने दिया धरना

**सिरसा।** रानियां मार्केट कमेटी कार्यालय के बाहर वीरवार को आढ़तियों ने धरना दिया और फसल खरीद को लेकर लागू किए गए नियमों का विरोध करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। आढ़तियों ने कहा कि सरकार ने इस बार फसल खरीद के लिए जिन नियमों का प्रावधान किया है, वे किसानों और आढतियों को बर्बाद करने वाले हैं। आढ़तियों के धरने को समर्थन देते हुए इनेलो के जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह जस्सा ने कहा कि कि मौजूदा भाजपा शासन में किसानों द्वारा मंडी में लाई जा रही गेहूं की फसल में नमी का हवाला देकर व चमक के नाम पर गेहूं की कटौती कर रहे हैं जो किसानों के साथ अन्याय है। इनेलो जिलाध्यक्ष जस्सा ने कहा कि बायोमेट्रिक के नाम पर भी किसानों के साथ भद्दा मजाक किया जा रहा है जो पूरी तरह से निंदनीय है। इनेलो नेता ने कहा कि सरकार की ओर से किसानों व आढतियों पर लगाई गई गैर तार्किक शर्तों के कारण दोनों वर्गों को खासी दिक्कतें आ रही हैं मगर सरकार की ओर से अभी तक इन कानूनों को हटाने में कोई कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा कि इनेलो किसी भी हालत में किसानों व आढतियों को अकेला नहीं छोड़ेगी और उनके हितों के लिए सडक़ से सदन तक संघर्ष किया जाएगा।



### एसडीएम ने मंडी में खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**कालांवाली।** एसडीएम मोहित कुमार ने वीरवार को अनाजमंडी कालांवाली का दौरा किया तथा खरीद प्रक्रिया संबंधी सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। एसडीएम ने मंडी में खरीद एजेंसियों से खरीद और किसानों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को फसल बेचने के दौरान कोई परेशानी न आए, इसके लिए सभी प्रबंध पुख्ता किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि मंडी परिसर में सफाई व्यवस्था दुरूस्त होनी चाहिए, इसके साथ-साथ मंडी में फसल बिक्री के लिए आए किसानों के समक्ष पेयजल आदि की दिक्कत न आए। उन्होंने किसानों से अपील की कि सभी किसान तय नमी के अनुरूप फसल सुखाकर मंडी में लाएं ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

## बायोमेट्रिक, ट्रैक्टर नंबर और वेरिफिकेशन जैसी जटिल प्रक्रियाओं को खत्म करे सरकार : दौलतपुरिया

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद के विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने फतेहाबाद व भूना क्षेत्र की अनाज मंडियों का दौरा कर किसानों, मजदूरों और आढ़तियों से मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना। इस दौरान उन्होंने मंडियों में फैली अव्यवस्थाओं पर गहरी नाराजगी जताई और प्रदेश सरकार पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाया। विधायक दौलतपुरिया ने कहा कि प्रदेश का किसान इस समय भारी परेशानियों से गुजर रहा है, लेकिन सरकार गेहूं की सुचारू खरीद सुनिश्चित करने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। उन्होंने मंडियों में किसानों को हो रही दिक्कतों का जायजा लेते हुए कहा कि पोर्टल रजिस्ट्रेशन, गेट पास, गारंटर, बायोमेट्रिक, ट्रैक्टर नंबर और वेरिफिकेशन जैसी जटिल प्रक्रियाओं ने किसानों को बुरी तरह उलझा दिया है। उन्होंने कहा कि किसान अपनी मेहनत की फसल बेचने के लिए कई-कई दिनों तक मंडियों में इंतजार करने को मजबूर हैं, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दौरे के दौरान कई किसानों ने विधायक को बताया कि बार-बार पोर्टल में तकनीकी दिक्कतें आने से उनकी फसल की खरीद में देरी हो रही है। विधायक ने कहा कि एक तरफ सरकार की लापरवाही और दूसरी ओर मौसम की मार ने किसानों की स्थिति और भी दयनीय बना दी है। हाल ही में हुई बेमौसमी बारिश ने तैयार फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है, जिससे किसानों की कमर टूट गई है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में सरकार को किसानों के साथ खड़ा होना चाहिए, लेकिन मौजूदा हालात इसके विपरीत नजर आ रहे हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि किसानों को राहत देने के लिए तुरंत ठोस कदम उठाए जाएं। सबसे पहले बायोमेट्रिक प्रक्रिया को समाप्त किया जाए, क्योंकि इससे किसानों को अनावश्यक परेशानी हो रही है। इसके अलावा पोर्टल आधारित जटिल व्यवस्था को सरल किया जाए या इसे पूरी तरह बंद कर पारंपरिक और सरल प्रक्रिया अपनाई जाए।

▪ विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने मंडियों का दौरा कर जाने किसानों के हालात



## गेहूं खरीद में किसान की जरूरत के समय मौके पर मौजूद रहें अधिकारी व कर्मचारी : डीसी

**फतेहाबाद।** डीसी डा. विवेक भारती ने कहा कि रबी फसल खरीद कार्यों से संबंधित सभी अधिकारी व कर्मचारी मंडियों में अपने ड्यूटी प्वाइंट पर नियमित रूप से उपस्थित रहें। किसी किसान को गेहूं मंडी में लाए जाने के बाद यदि गेटपास, बायोमेट्रिक, बारदाना सहित किसी भी तरह की समस्या आती है तो उनकी समस्या को ध्यान से सुनते हुए उसका तत्काल समाधान करें। साथ ही खरीद एजेंसियों के अधिकारी बायोमेट्रिक, गेट पास, खरीद, फसल उठान और भुगतान को लेकर हर रोज डीसी कार्यालय को अपनी रिपोर्ट देंगे। रबी खरीद सीजन को पूरी तरह से सुचारु एवं पारदर्शी बनाएं। खरीद सीजन के दौरान सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और तत्परता के साथ कार्य करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

डीसी डा. विवेक भारती लघु सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में रबी सीजन को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। डीसी डा. विवेक भारती ने निर्देश दिए कि किसानों को मंडियों में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित की जाएं। खरीद कार्य पूरी तरह नियमानुसार किया जाए। किसी भी प्रकार की ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने फसल खरीदने के समय होने वाले सत्यापन (वेरिफिकेशन) पर विशेष जोर देते हुए कहा कि मंडियों के गेट पर फसल लेकर आए किसी भी किसान को वापस न भेजा जाए और उसकी एंट्री वेरिफिकेशन तुरंत सुनिश्चित किया जाए।मंडी में फसल खरीद करते समय सरकार की गाइडलाइन के अनुसार सत्यापन किया जाए। मंडी में फसल के समर्थन मूल्य पर खरीद होने के बाद किसानों को तय समय में भुगतान करना भी सुनिश्चित किया जाए।

▪ गेहूं खरीद : डीसी ने प्रतिदिन बायोमेट्रिक, गेटपास, खरीद, फसल उठान और भुगतान की रिपोर्ट मांगी



### इंसान को भीतर से शुद्ध करता है नवकार महामंत्रः नितिन जैन



**सिरसा।** विश्व नवकार महामंत्र दिवस के मौके पर वीरवार को श्री एसएस जैन सभा में महामंत्र नवकार जप कार्यक्रम हुआ, जिसमें जैन श्रद्धालुओं ने जप किया। सभा के सचिव नितिन जैन ने बताया कि आज 108 देशों में नवकार महामंत्र दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नवकार महामंत्र एक ऐसा मार्ग जो इंसान को भीतर से शुद्ध करता है, जो इंसान को सौहार्द की राह दिखाता है। नवकार महामंत्र सिर्फ मंत्र नहीं है। ये हमारी आस्था का केंद्र है। हमारे जीवन का मूल स्वर है और इसका महत्व सिर्फ आध्यात्मिक नहीं है। ये स्वयं से लेकर समाज तक सबको राह दिखाता है, जन से जग तक की यात्रा है। प्रधान मनोहर लाल जैन ने कहा कि इस मंत्र का प्रत्येक पद ही नहीं, बल्कि प्रत्येक अक्षर अपने आप में मंत्र है। उन्होंने कहा कि नवकार महामंत्र सही मायने में मानव, ध्यान, साधना और आत्मशुद्धि का मंत्र है।

### आंतरिक सहानुभूति से संवाद स्थापित करना तनाव प्रबंधन की कुंजीः डॉ. ढिल्लों

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार को यूनिवर्सिटी स्कूल फॉर ग्रेजुएट स्टडीज के अंतर्गत पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा नॉन-वॉयलेंट कम्युनिकेशन, ए बफर फॉर स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर विस्तार व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रविंदर ढिल्लों ने दैनिक जीवन की जटिल परिस्थितियों, विशेषकर पारिवारिक तनाव और हिंसा के संदर्भ में नॉन-वॉयलेंट कम्युनिकेशन की महत्ता की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में आंतरिक सहानुभूति के साथ संवाद स्थापित करना ही तनाव प्रबंधन की कुंजी है। उन्होंने शांति, सहनशीलता और क्षमाशीलता को व्यवहार में उतारने पर जोर देते हुए ध्यान एवं दीर्घ श्वास जैसी तकनीकों के व्यावहारिक उपयोग भी समझाए। अधिष्ठाता यूएसजीएस प्रो. मोहम्मद काशिफ किदवई ने कहा कि वर्तमान समय में तनाव एक गंभीर समस्या बन चुका है, जिसका प्रभाव न केवल वैश्विक स्तर पर बल्कि पारिवारिक संबंधों पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक संचार के माध्यम से तनाव का समाधान संभव है और यह पहल स्वागतयोग्य है।



### शहीद बाबा दीप सिंह संस्थान में 'आगाज' समारोह के साथ विद्यार्थियों को दी गई भावभीनी विदाई



**फतेहाबाद।** शहीद बाबा दीप सिंह शिक्षण संस्थान में विदाई समारोह 'आगाज' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के संरक्षक डॉ. विरेन्द्र सिवाच, प्राचार्य डॉ. अनूप सिंह संधू, डॉ. सुधीर खन्ना और डॉ. ममता चौधरी ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बाँध दिया। छात्रों ने हरियाणवी और पंजाबी लोक नृत्यों की ऊर्जावान प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इसके अलावा सुरीले गीतों और प्रेरणादायक नाटकों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। डॉ. विरेन्द्र सिवाच ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विदाई केवल एक पड़ाव है, अंत नहीं। उन्होंने छात्रों को कठिन परिश्रम और अनुशासन को जीवन का आधार बनाने की सीख दी। प्राचार्या डॉ. ममता चौधरी ने विद्यार्थियों को संस्थान का दूत बताते हुए कहा कि यहां से प्राप्त संस्कार उन्हें समाज में एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में स्थापित करेंगे। कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण वह था जब अंतिम वर्ष के छात्रों ने अपने बीते वर्षों के अनुभव साझा किए।

## न्यूज डायरी



### नगर निकाय मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

**भूना।** शहर की विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधिमंडल ने वीरवार को नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि पंकज पसरीजा के नेतृत्व में चंडीगढ़ में नगर निकाय मंत्री विपुल गोयल से मुलाकात कर शहर के विकास और संस्थाओं के लिए अनुदान राशि की मांग उठाई। मंत्री ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए आगामी बजट में अनुदान देने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में अग्रवाल समाज के प्रधान बृजलाल बंसल, कंबोज धर्मशाला के प्रधान श्याम सुंदर कंबोज, अंबेडकर सभा के प्रधान राजवीर दहिया तथा पंजाबी सभा के वरिष्ठ सदस्य सतीश भूटानी शामिल रहे। बैठक के दौरान भूना में लंबित विकास कार्यों और सामाजिक संस्थाओं की जरूरतों पर विस्तार से चर्चा हुई। मंत्री विपुल गोयल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भूना नगर पालिका के मुख्य कार्यों को जल्द टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से शुरू किया जाए। उन्होंने वार्ड नंबर 14 में करीब 50 लाख रुपए की लागत से कम्युनिटी हॉल के निर्माण तथा हिसार रोड स्थित स्वर्ग आश्रम में भी 50 लाख रुपए से निर्माण कार्य के लिए टेंडर लगाने के निर्देश दिए।



### भक्ति के साथ मनाया गया विश्व नवकार महामंत्र दिवस

**फतेहाबाद।** विश्व नवकार महामंत्र दिवस आज श्रद्धा, आस्था और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। जिट्टो वैश्य जैन समाज की ओर से श्रीराम सेवा समिति धर्मशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप कर वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इसके अलावा जिट्टो हिसार के तत्वावधान में जिले के विभिन्न स्थानों पर भी यह आयोजन संपन्न हुए। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य व्यक्तियों की विशेष उपस्थिति रही, जिन्होंने नवकार मंत्र के महत्व और इसके जीवन में प्रभाव पर अपने विचार व्यक्त किए। फतेहाबाद में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, ठाकुर भवानी सिंह, कुलजीत सिंह कुलडिया, अग्रवाल सभा के संरक्षक देवीदयाल तायल, अपना घर के प्रमुख सेवक विनोद तायल, काका चौधरी आदि मौजूद रहे।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

**हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार**
**फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916**

### सिरसा में धूमधाम से मनाया जाएगा 'बैसाखी उत्सव': एडीसी

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में 14 अप्रैल को बैसाखी उत्सव पारंपरिक हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने वीरवार को एडीसी कार्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने बैसाखी पर्व की गरिमा के अनुरूप सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में पारंपरिक लोक नृत्य, संगीत और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल हों। उन्होंने सीडीएलयू ऑडिटोरियम में मंच सजावट, बिजली, पानी, बैठने की व्यवस्था लेकर संबंधित विभागों को पुख्ता प्रबंध करने के लिए कहा। एडीसी अर्पित संगल ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने-अपने कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करें। उन्होंने कार्यक्रम स्थल तक जनता की सुगम आवाजाही, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल और स्वच्छता को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

**नशे पर नकेल** | जिले में नशे के बढ़ते कारोबार पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से आस-पास के गांवों में पहुंची

# भट्टू कलां पुलिस ने डॉग स्क्वॉड और कमांडो टीम के साथ चलाया तलाशी अभियान, लोगों में खलबली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भट्टूकलां



भट्टूकलां। नशे के खिलाफ तलाशी लेती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

जिले में नशे के बढ़ते कारोबार पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से थाना भट्टू कलां पुलिस द्वारा क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया गया। इस अभियान की खास बात यह रही कि इसमें स्थानीय पुलिस के साथ-साथ विशेष रूप से डॉग स्क्वॉड और कमांडो टीम को भी शामिल किया गया, ताकि नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की जा सके।

थाना भट्टू कलां प्रभारी उपनिरीक्षक राधे श्याम के नेतृत्व में गठित विभिन्न टीमों ने क्षेत्र के संवेदनशील और संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी। पुलिस बल ने स्थानीय बस स्टैंड, मुख्य बाजारों, सुनसान पड़े स्थानों और उन रिहायशी इलाकों में गहन जांच की जहाँ अवैध गतिविधियों की सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं। डॉग स्क्वॉड की मदद से पुलिस ने उन जगहों की विशेष रूप से तलाशी ली, जहाँ नशीले पदार्थों को छिपाकर रखे जाने की संभावना रहती है। कमांडो टीम की मौजूदगी ने इस अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया, जिससे संदिग्ध तत्वों में हडक़ंप देखा गया। अभियान के दौरान पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर मौजूद संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर उनसे पूछताछ की और उनके पहचान पत्रों का मिलान किया। क्षेत्र में रह रहे बाहरी व्यक्तियों और अस्थायी रूप से ठहरे लोगों की भी विशेष निगरानी की गई। पुलिस का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि कोई भी अपराधी या नशा तस्कर क्षेत्र की शांति व्यवस्था को भंग न कर सके।

#### जागरूकता अभियान भी चलाया

सर्च ऑपरेशन के साथ-साथ पुलिस टीम ने एक जन-जागरूकता अभियान भी चलाया। पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय दुकानदारों और आमजन से संवाद करते हुए उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। युवाओं को नशे की गर्त से दूर रहकर सकारात्मक जीवन की ओर बढने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, पुलिस ने अभिभावकों से भी विशेष अपील की कि वे अपने बच्चों की संगत और उनकी दैनिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखें। थाना प्रभारी ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि नशा तस्करों और अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ पुलिस की यह जीरो टॉलरेंस नीति भविष्य में भी जारी रहेगी। उन्होंने आम जनता से अपील की कि यदि उनके आसपास कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि नजर आती है, तो वे तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।